**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 11.11.2025 समय : 1905

**<><><><><><><>**

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने थिम्फू में भूटान नरेश के साथ कालचक्र अनुष्ठान का उद्घाटन किया।
2. पद्मश्री से सम्मानित भारत की दिग्गज एथलीट पी टी ऊषा का जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में भव्य स्वागत किया गया।
3. अंडमान निकोबार प्रशासन के निर्देशन में शिपिंग सर्विस निदेशालय ने एक और आकर्षक समुद्री अनुभव 'द्वीप दर्शन' क्रूज की घोषणा की है।
4. श्री विजयपुरम में 1 से 12 दिसम्बर तक सर्किट बैठक आयोजित की जाएगी।

**<><><><><><><>**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भूटान यात्रा के दौरान भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांग्चुक और चौथे ड्रूक ग्यालपो के साथ कालचक्र अनुष्ठान का उदघाटन किया। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह समारोह महामहिम जे खेनपो की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, जिससे यह और भी विशेष बन गया। इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने भूटान नरेश के साथ कल थिम्फू में बैठक के बाद भूटान की ऊर्जा परियोजनाओं की वित्तीय मदद के लिए चार हजार करोड रुपये की रियायती ऋण सहायता देने की घोषणा की। बैठक में दोनों पक्षों ने परस्पर हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर बातचीत की। उन्होंने एक हजार 20 मेगावाट की पुनात्सांगछू–द्वितीय पनबिजली परियोजना का संयुक्त रूप से उदघाटन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने भूटान के प्रधानमंत्री दाशो छेरिंग तोब्गे के साथ बातचीत भी की। दोनों नेताओं ने बारह सौ मेगावाट की पुनात्सांगछू–प्रथम पनबिजली परियोजना के मुख्य बांध का कार्य फिर शुरू होने का स्वागत किया और इसके समय पर पूरा होने को लेकर सहमति व्यक्त की। यह परियोजना पूरी होने पर भारत और भूटान द्वारा संयुक्त रूप से विकसित सबसे बड़ी बिजली परियोजना होगी।

**<><><><><><><>**

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर गैर–सहमति वाले निजी या आपत्तिजनक कंटेंट की रोकथाम और हटाने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया जारी की। इसके तहत, इंटरमीडियरीज़ को अब किसी भी शिकायत प्राप्त होने के 24 घंटे के भीतर संबंधित कंटेंट हटाना या उसकी पहुँच बंद करनी होगी। पीड़ित व्यक्ति ऐसे मामलों की शिकायत वन स्टॉप सेंटर, राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल, या संबंधित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के इन–ऐप रिपोर्टिंग सिस्टम के माध्यम से कर सकते हैं। सभी इंटरमीडियरी, जिनमें प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म SSMIs शामिल हैं, को अब हैश–मैचिंग और क्रॉलर टेक्नोलॉजी का उपयोग कर ऐसे कंटेंट की दोबारा पोस्टिंग रोकनी होगी। साथ ही उन्हें अपनी कार्रवाई की रिपोर्ट सरकार के सहयोग पोर्टल से साझा करनी होगी, जो गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के तहत संचालित है। इस SOP के तहत I4C को केंद्रीय नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया गया है, जो शिकायतों को समन्वित करेगी और NCII हैश बैंक बनाए रखेगी। वहीं दूरसंचार विभाग इंटरनेट सेवा प्रदाताओं के साथ मिलकर चिन्हित URL को ब्लॉक करेगा। MeitY इन प्रावधानों की निगरानी करेगा और सभी हितधारकों के बीच समन्वय सुनिश्चित करेगा। सरकार का कहना है कि यह SOP विशेष रूप से महिलाओं की डिजिटल सुरक्षा और गरिमा की रक्षा की दिशा में एक अहम कदम है, जो ऑनलाइन पारिस्थितिकी को अधिक सुरक्षित और जवाबदेह बनाएगी।

**<><><><><><><>**

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में आज शारीरिक शिक्षा विभाग के छात्रों ने पद्मश्री से सम्मानित भारत की दिग्गज एथलीट पी टी ऊषा का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या पर्ल देवदास और शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष सत्येन्द्र पाल सिंह ने उनका भव्य स्वागत किया। छात्रों के साथ की गई बातचीत में उन्होंने अपने अनुभवों को उनके साथ साझा किया। उन्होंने कहा कि छात्रों को अनुशासन, सम्पर्ण और दृढ़ता के साथ अपना काम करना चाहिए तथा कड़ी मेहन्नत और लगन से अपने लक्ष्य को प्राप्त करना चाहिए।

**<><><><><><><>**

राज्य पुस्तकालय ने बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों में पढ़ने की संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए एक विशेष पहल की शुरूआत की है। पढ़ने को और अधिक आनंददायक और लाभप्रद अनुभव बनाने के लिए, 'किताब पढ़ें, मुफ़्त उपहार पाएँ' कार्यक्रम शुरू कर रहा है। इस पहल के तहत, वरिष्ठ नागरिकों का स्वागत निःशुल्क चाय के साथ किया जाएगा, जबकि बच्चों को पढ़ने के प्रति उनके प्रेम के लिए चॉकलेट उपहार स्वरूप दिए जाएँगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य एक गर्मजोशी भरा, आकर्षक और प्रेरक वातावरण तैयार करना है जो छोटे लेकिन सार्थक पुरस्कारों के साथ पढ़ने के आनंद को तलाशने के लिए प्रेरित करे। इस अनूठे प्रोत्साहन को शुरू करके, पुस्तकालय सभी उम्र के लोगों में आजीवन पढ़ने की आदत विकसित करने की उम्मीद करता है। राज्य पुस्तकालय ने नागरिकों को पुस्तकालय में आने और हर पन्ने के साथ आने वाली इन विशेष पेशकशों का अनुभव करने के लिए आमंत्रित किया है। इस बीच, पुस्तकालय का समय शाम को एक घंटे बढ़ा दिया गया है। अब यह सुबह 9 बजे से रात 8 बजे तक खुला रहेगा।

<><><><><><>

बैरन आईलैंड वॉल्कैनो क्रूज को मिली उत्साहजनक प्रतिक्रिया के बाद, अंडमान निकोबार प्रशासन के निर्देशन में शिपिंग सर्विस निदेशालय ने एक और आकर्षक समुद्री अनुभव 'द्वीप दर्शन' क्रूज की घोषणा की है। यह विशेष हार्बर क्रूज पर्यटकों को श्री विजय पुरम के बंदरगाह और आसपास के द्वीपों के मनमोहक दृश्य के साथ द्वीपों के स्वतंत्रता आंदोलन की विरासत को करीब से जानने का अवसर प्रदान करेगा। यह हेरिटेज हार्बर क्रूज 17 नवम्बर से प्रारंभ होगा, जिसका उद्घाटन यात्रा सुबह नौ बजकर तीस मिनट पर फीनिक्स बे जेट्टी से होगी। टिकटों की ऑनलाइन और काउंटर बुकिंग 15 नवम्बर से आरंभ होगी। चार घंटे की इस क्रूज यात्रा का मार्ग रहेगा फीनिक्स बे जेट्टी से चाथम आईलैंड फिर वाइपर आईलैंड में आधे घंटे का ठहराव होगा, उसके बाद नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप में क्रूज़ 1 घंटे के लिए रूकेगी फिर यात्रियों को वापस फीनिक्स बे जेट्टी में उतारेगी। इस क्रूज का किराया प्रति व्यक्ति 550 रुपये निर्धारित किया गया है।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम में 1 से 12 दिसम्बर तक सर्किट बैठक आयोजित की जाएगी। इन तिथियों के दौरान नई याचिकाएँ भी स्वीकार की जाएंगी। संबंधित विभागों को निर्देश दिया गया है कि जिन मामलों की सुनवाई CAT में लंबित है, वे अपने शासकीय अधिवक्ताओं से संपर्क कर आवश्यक दस्तावेजों के साथ मामले की पूरी जानकारी उपलब्ध कराएँ ताकि सरकार की ओर से प्रभावी ढंग से पैरवी की जा सके। इसके साथ ही विभागाध्यक्षों को यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि उनके नोडल अधिकारी सुनवाई की तिथि पर आवश्यक दस्तावेजों सहित अधिकरण में उपस्थित रहें।

<><><><><><>

उप निदेशक डायरेक्टर जनरल एन सी सी ने तमिलनाडू पुदूचेरी और अंडमान निकोबार कमान के कमांडर एन चीफ से मुलाकात की और एन सी सी द्वारा की जा रही गतिविधियों के बारे में उन्हें अवगत कराया। उपनिदेशक डायरेक्ट जनरल ने एन सी सी यूनिट का दौरा किया उन्होंने ए एन ओस, पी आई और सिविल स्टाफस के साथ भी बातचीत की।

<><><><><><>

भारतीय प्राणी सर्वेक्षण अंडमान निकोबार क्षेत्रीय केन्द्र संरक्षण पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन कर रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर में पच्चीस भारतीय प्रतिभागी, तटरक्षक बल, आई एन एस जरावा, सी आई एस एफ, पुलिस प्रशिक्षण स्कूल, भ्रष्टाचार निरोधक इकाई, जनजातीय कल्याण निदेशालय, मत्स्य पालन निदेशासल, स्वास्थ्य सेवा निदेशालय, पी आर आई स्थानीय निकाय और ए एल एच डब्ल्यू के कर्मी इस प्रशिक्षण में भाग लेंगे।

<><><><><><>

ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय केन्द्र युवाओं के लाभ के लिए तीन दिवसीय मोटीवेशनल कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। इस कार्यक्रम में आध्यात्मिक सत्र, समूह गतिविधियां और ध्यान करना शामिल है। सत्रह से सत्ताईस उम्र के लोग इस कार्यक्रम में निःशुल्क भाग लेने के लिए कल तक अपने नामों का पंजीकरण करा सकते हैं। यह कार्यक्रम चौदह से सोलह नवम्बर तक शाम साढ़े पांच बजे से सात बजे तक चलेगा।

<><><><><><>